ुक ......................... .......................नं० ..................................सन् ......................................

| ीख<br>म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| 13/10/25 | पत्रावली पेश हुई। निर्णय पृथक से लिखाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया। निर्णय की प्रति पृथक से तहसीलदार अलवर को बाबत पालनार्थ भिजवाई जावे। बाद तकमील पत्रावली नम्बर से कम हो बाद दाखिल दफ्तर होवे।<br><br>उपखण्ड अधिकारी<br>अलवर | |

# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, अलवर, जिला अलवर
## पीठासीन अधिकारी – श्री माधव भारद्वाज (आई.ए.एस.)

दावा संख्या 1/44 | तारीख दायर 09.04.2024 | अन्तिम निर्णय 13-10-2025

**बउनवान**

1:–डा० मिथलेश गर्ग उम्र करीब 63 साल पत्नि श्री बिजेन्द्र गर्ग जाति महाजन निवासी मकान नंबर 160 स्कीम नं0 1, अलवर तहसील व जिला अलवर राजस्थान

वादनी

**(बनाम)**

1–मंगलदास पुत्र स्व० श्री देशराज जाति जाट निवासी ग्राम बलदेवबास तहसील व जिला अलवर राजस्थान,
2–सुमित्रा देवी पुत्री स्व0 श्री देशराज पत्नी श्री जुबेन्द्र जाति जाट निवासी ग्राम किशूर तहसील व जिला अलवर राजस्थान
3–विमला देवी पुत्री स्व० श्री देशराज पत्नि श्री देवप्रकाश जाति जाट निवासी मकान नंबर 2 क 392 शिवाजी पार्क, अलवर तहसील व जिला अलवर राजस्थान,
4–कृष्णा देवी पुत्री स्वर्गीय श्री देशराज पत्नी श्री लाभचंद जाति जाट निवासी ग्राम बम्बोरा तहसील किशनगढ़बास जिला खैरथल तिजारा राजस्थान,
5–विनोद पुत्र शिमलादेवी पुत्री स्व० श्री देशराज पत्नि श्री अनिल कुमार मिनाली जाति जाट निवासी किशनगढ़बास तहसील किशनगढ़बास जिला खैरथल तिजारा राजस्थान,
6–प्रमोद पुत्र शिमलादेवी पुत्री स्व० श्री देशराज पत्नि श्री अनिल कुमार मिनाली जाति जाट निवासी ग्राम निवाली तहसील रामगढ जिला अलवर राजस्थान
7–रोहित पुत्र शिमलादेवी पुत्री स्व० श्री देशराज पत्नि श्री अनिल कुमार मिनाली जाति जाट निवासी ग्राम निवाली तहसील रामगढ जिला अलवर राजस्थान
8–रोहिताश्व पुत्र शिमलादेवी पुत्री स्व० श्री देशराज पत्नि श्री अनिल कुमार मिनाली जाति जाट निवासी ग्राम निवाली तहसील रामगढ जिला अलवर राजस्थान
9–आशा देवी पुत्री स्व० श्री देशराज पत्नि श्री अनिल कुमार मिनाली हाल पत्नि श्री बलबीरसिंह जाति जाट निवासी मथुरापुरी,
10–नाबालिग युवराज पुत्र स्व0 पुष्पारानी नाबा0 सरपरस्त पिता मुकेश कुमार खुद जाति जाट निवासी किशनगढबास जिला खैरथल–तिजारा
11:–राजेश कुमार पुत्र श्री बलवन्तराय जाति जाट निवासी ग्राम बलदेवबास तहसील व जिला अलवर राजस्थान,

असल प्रतिवादीगण

12– राजस्थान सरकार जरिये भूमिधारी तहसीलदार अलवर तहसील अलवर हाल बहादरपुर जिला अलवर राजस्थान

तकमीली प्रतिवादी

**<u>राजस्व वाद अन्तर्गत धारा 53, 188 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम</u>**

**अन्तिम निर्णय**

वादी ने धारा 53, 188 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम के अन्तर्गत वाद प्रस्तुत कर निवेदन किया कि मुताबिक जमाबंदी सम्वत 2069–2074 खाता संख्या नया 31 पुराना 38 में वर्णित आराजी खसरा नम्बर हाल 384 रकबा 0.5200 हैक्टेयर वाके ग्राम बलदेवबास तहसील अलवर व जिला अलवर राजस्थान में स्थित हैं। उक्त आराजी आगामी चरणों में विवादित आराजी से सम्बोधित की जा रही हैं। ताईद में उक्त नकल जमाबंदी एवं रजिस्ट्री की छाया प्रति संलग्न कर दस्तावेजी साक्ष्य में पेश की जा रही हैं

विवादित आराजी मिन वादनी व असल प्रतिवादीगण की शामलाती कब्जे खातेदारी की आराजी है जिस आराजी के हाल राजस्व रिकार्ड जमाबन्दी में मिन वादनी व असल प्रतिवादीगण के नाम खातेदारी का अंकन शामलात में हो रहा है विवादित आराजी में मिन वादनी का 49/52 हिस्सा मुताबिक उक्त जमाबन्दी हैं शान्ति पत्नि स्व० श्री देशराज का स्वर्गवास हो चुका है। इसलिए उसके वारिसान को असल प्रतिवादीगण पक्षकार मुकदमा बनाया गया है। विवादित आराजी मिन वादनी व असल प्रतिवादीगण की शामलाती खातेदारी की आराजी हैं, तथा राजस्व रिकार्ड जमाबंदी आदि में मिन वादनी व असल प्रतिवादीगण संख्या 1 व 11 व शान्ति पत्नि स्व० श्री देशराज का नाम शामलात में दर्ज हैं। विवादित आराजी का लिखित तौर पर कोई विधिक विभाजन नही हुआ है। मिन वादनी व असल प्रतिवादीगण शामलात में ही लगान आदि जमा कराते आ रहे हैं मिन वादनी का अपने हिस्से की आराजी रकबा 0.49 ऐयर में मौके पर पृथक से कब्जा संलग्न नक्शा अनुसार हैं, तथा मिन वादनी ने अपने हिस्से की आराजी पर चारदीवारी की हुई हैं, तथा प्रतिवादीगण का हिस्सा अनुसार

उपखण्ड अधिकारी
अलवर

रकबा 0.03 ऐयर पर मौके पर कब्जा हैं, जो रजिस्ट्री दिनांक 15–9–2005 के अनुसार है, तथा प्रतिवादीगण द्वारा अपने हिस्से पर पीछे से आराजी को जाने के लिए सडक के उपयोग में ली जा रही हैं।

अतः प्रार्थना है, कि वाद वादनी बहक वादनी खिलाफ असल प्रतिवादीगण निम्न प्रकार निर्णित व डिक्री फरमाया जावें कि डिक्री तकसीम बहक वादनी विरूद्ध असल प्रतिवादीगण पारित की जाकर विवादित्त आराजी मुताबिक जमाबंदी सम्वत 2069–2074 खाता संख्या नया 31 पुराना 38 में वर्णित आराजी खसरा नम्बर हाल 384 रकया 0.5200 हैक्टेयर वाके ग्राम बलदेवबास तहसील अलवर व जिला अलवर राजस्थान में स्थित हैं, में वादनी का 49/52 हिस्सा तथा असल प्रतिवादीगण का उक्त हिस्सा मुताबिक उक्त जमाबन्दी अच्छी मे से अच्छी व बुरी में से बुरी अलग–अलग कराया जाकर पत्थरगढी कराकर मौके पर दखल दिलाया जावें, तथा अलग खाता अलग लगान कायम कराया जावें। तथा जरिये तकसीम हिस्से में आई आराजी के राजस्व रिकार्ड जमाबंदी आदि में खातेदारी का अंकन कराया जावें

दावा दर्ज रजिस्टर होकर प्रतिवादीगण को जरिये नोटिस तलब किया गया। सुनवाई कर दिनांक 08–01–2025 को प्रारम्भिक निर्णय किया गया कि खाता स0 नया 31 पुराना 38 मे वर्णित आराजी खसरा नम्बर हाल 384 रकबा 0.52 है0 वाके ग्राम बलदेवबास तहसील व जिला अलवर मे अच्छी मे से अच्छी व बुरी मे से बुरी बाई मिटस एण्ड बाउन्डस मौके राजस्व रिकार्ड व हिस्से अनुसार रास्ते की सुविधा का ध्यान रखते हुये विभाजन कर विभाजन प्रस्ताव विवादित आराजी के नक्शे मे विभाजन को प्रर्दशित करते हुये पेश करे।

तहसीलदार अलवर से कुर्रेजात रिपोर्ट तलब की गई तहसीलदार अलवर ने अपनी रिपोर्ट कमांक भू0अ0/2025/4145 दिनॉक 23–6–25 मे कुर्रेजात आराजी खसरा नम्बर 384 रकबा 0.52 है0 वाके ग्राम बलदेवबास तहसील व जिला अलवर के कम मे प्रस्तुत कि गई

हमने वकुलाय की अन्तिम बहस पर मनन किया एंव पत्रावली का अवलोकन किया कुर्रेजात रिपोर्ट का अध्ययन किया प्राप्त कुर्रेजात रिपोर्ट मुताबिक राजस्व रिकॉर्ड सही होना प्रतीत होती है इस प्रकार मुताबिक कुर्रेजात रिपोर्ट तहसीलदार अलवर के उक्त उनवानी वाद अन्तिम निर्णय किया जाना अन्तिम डिकी किया जाना उचित प्रतीत होता है मुताबिक तहसीलदार अलवर से प्राप्त कुर्रेजात (प्रस्ताव विभाजन) के आधार पर निम्न प्रकार अन्तिम डिकी किया जाता है

कुरेजात रिपोर्ट (प्रस्ताव विभाजन) के नक्शा निर्णय का जुज माना जावेगा

| क्र. स. | खातेदार का नाम | खसरा नम्बर | रकबा | किस्म | वि0वि0 |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | डा० मिथलेश गर्ग उम्र करीब 63 साल पत्नि श्री बिजेन्द्र गर्ग जाति महाजन निवासी मकान नंबर 150 स्कीम नं0 1, अलवर खातेदार | 384 मि0 | 0.49 है0 | बरानी प्रथम | उत्तर दिशा लाल कलर |
| 02 | मंगलदास पुत्र स्व० श्री देशराज जाति जाट निवासी ग्राम बलदेवबास तहसील व जिला अलवर खातेदार हि0 2177/17172 | 384 मि0 | 0.03 है0 | बरानी प्रथम | दक्षिण दिशा नीला रंग |
| 03 | सुमित्रा देवी पुत्री स्व0 श्री देशराज पत्नी श्री जुबेन्द्र जाति जाट निवासी ग्राम किथूर तहसील अलवर खातेदार हि0 311/17172 | | | | |
| 03 | विमला देवी पुत्री स्व० श्री देशराज पत्नि श्री वेदप्रकाश जाति जाट निवासी मकान नंबर 2 क 392 शिवाजी पार्क, अलवर खातेदार हि0 311/17172 | | | | |
| 04 | कृष्णा देवी पुत्री स्वर्गीय श्री देशराज पत्नी श्री लाभचंद जाति जाट निवासी ग्राम बम्बोरा तहसील किशनगढबास जिला खैरथल तिजारा खातेदार हि0 311/17172 | | | | |
| 05 | आशा देवी पुत्री स्व० श्री देशराज पत्नि श्री अनिल कुमार मिनाली हाल पत्नि श्री बलबीरसिंह जाति जाट निवासी मथुरापुरी खातेदार हि0 311/17172 | | | | |
| 06 | विनोद पुत्र शिमलादेवी पुत्री स्व० श्री देशराज पत्नि श्री अनिल कुमार मिनाली जाति जाट निवासी ग्राम निवाली तहसील रामगढ जिला अलवर खातेदार 311/85860 | | | | |
| 07 | प्रमोद पुत्र शिमलादेवी पुत्री स्व० श्री देशराज पत्नि श्री अनिल कुमार मिनाली जाति जाट निवासी ग्राम निवाली तहसील रामगढ जिला अलवर खातेदार हि0 311/85860 | | | | |
| 08 | रोहित पुत्र शिमलादेवी पुत्री स्व० श्री देशराज पत्नि श्री अनिल कुमार मिनाली जाति जाट निवासी ग्राम निवाली तहसील रामगढ जिला अलवर खातेंदार हि0 311/85860 | | | | |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 09 | रोहिताश्व पुत्र शिमलादेवी पुत्री स्व० श्री देशराज पत्नि श्री अनिल कुमार मिनाली जाति जाट निवासी ग्राम निवाली तहसील रामगढ जिला अलवर खातेदार हि0 311/85860 | | | | | |
| 10 | नाबालिग युवराज पुत्र स्व0 पुष्पारानी नाबा0 सरपरस्त पिता मुकेश कुमार खुद जाति जाट निवासी किशनगढबास जिला खैरथल–तिजारा खातेदार हि0 311/85860 | | | | | |
| 11 | राजेश कुमार पुत्र श्री बलवन्तराय जाति जाट निवासी ग्राम बलदेवबास तहसील व जिला अलवर खातेदार हि0 1120/1431 | | | | | |

अंतिम निर्णय जारी हो। तदानुसार ही राजस्व रिकार्ड में अमल दरामद हो।

माधव भारद्वाज (I.A.S.)
उपखण्ड अधिकारी अलवर

निर्णय आज दिनांक 13 –10 –25 को मेरे द्वारा टंकित कराया जाकर खुले न्यायालय सुनाया गया।

माधव भारद्वाज (I.A.S.)
उपखण्ड अधिकारी अलवर